कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
विद्युत पारेषण मण्डल
लाल डिग्गी, अलीगढ़–202001 मो0–9458096500
(CIN-U40101UP2004SGCO28687)

प्रथम प्रति/द्वितीय प्रति

E-mail-setaligr@upptcl.org
GSTIN09AAACU8823E1Z9
TAN No. AGRE10289G

पत्रांक– 182 –वि.पा.मं.(अ)/टी–30 दिनांक–10.02.2023

विषयः– निविदा प्रकाशन के सम्बन्ध में ।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक,
दैनिक हिन्दुस्तान
अलीगढ़।

विज्ञापन व्यवस्थापक,
टाइम्स ऑफ इण्डिया,
दिल्ली एडिशन।

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में 11 अथवा 12 फरवरी, 2023 के अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइन्ट टाइप में (समाचार पत्र के केवल एक कालम में) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रुप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1– स्थानीय प्रकृति की सूचनाऐं जैसे बिजली बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना, बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथासम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

2– प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामिग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव न होगा ।

3– संलग्न विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में हिन्दी भाषां में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।

4– विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतः एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।

5– यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

6– विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में राष्ट्र हित में बिजली बचाऐं का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।

7– उक्त निर्देशो के विपरीत तथा गलत अथवा भददे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में परिषद द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नकः (1) विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति।
(2) विज्ञापन सामग्री – 2 नं0।

10/2
अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Transmission Circle
Aligarh

पत्रांक – 182 /वि0पा0मं0(अ)/टी–30 तद् दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य अभियन्ता(पारेषण दक्षिण),उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, आगरा
2– उपमुख्य लेखाधिकारी(पा0द0),उ0प्र0पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, आगरा
3– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, प्रथम अलीगढ़ /मैनपुरी।
4– नोटिस बोर्ड
5– निविदा पत्रावली ।

10/2
अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Transmission Circle
Aligarh

उ0प्र0पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
ई–निविदा सूचना

अनुभवी कार्यदायी संस्थाओं से निम्नलिखित ई–निविदा दो भागों में निर्धारित तिथि को 15:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं जो अगले दिन 16:00 बजे खोली जायेगी। विस्तृत विवरण समाचार पत्रों में प्रकाशन के उपरान्त ई–टेण्डर की बेबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/तिथि विस्तार हेतु निविदा खुलने की तिथि तक लॉग ऑन करें। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा:–

ईटीसी–44/2022–23/अल्पकालीन :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र सुल्तानगंज, मैनपुरी पर 110 वाट बैटरी सैट की आपूर्ति एवं स्थापना।

ईटीसी–45/2022–23/:– 132 के0वी0 उपकेन्द्र अलीगढ़–तृतीय अलीगढ़ पर 33 के0वी0 'बे' निर्माण का कार्य।

ईटीसी–46/2022–23/:– 132 के0वी0 उपकेन्द्र सारसौल अलीगढ़ पर 120 वाट एल0ई0डी0 लाइट की आपूर्ति एवं स्थापना।

ईटीसी–47/2022–23/:– 132 के0वी0 उपकेन्द्र अलीगढ़–तृतीय पर 120 वाट एल0ई0डी0 लाइट की आपूर्ति एवं स्थापना।

अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, लाल डिग्गी, अलीगढ ।
राष्ट्र हित में बिजली बचायें, विद्युत चोरी की सूचना "www.igpowerup.org"

उपरोक्त विवरण ही प्रकाशित कराया जाये निम्न नाम, पदनाम एवं मुहर का प्रकाशन न कराया जाये ।

10/2

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल
अलीगढ़।
Superintending Engineer
Electricity Transmission Circle
Aligarh

Tender Publication